भारत सरकार
आयुष मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2564

11 अगस्त, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

देश में नये आयुष चिकित्सा महाविद्यालयों की स्थापना

2564. श्री देवाशीष सामंतराय:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का देश में नये आयुष चिकित्सा महाविद्यालयों की स्थापना करने का विचार है।
(ख) ऐसे संस्थानों के लिए किन-किन राज्यों को चिह्नित किया गया है।
(ग) क्या इस संबंध में ओडिशा पर विचार किया गया है; और
(घ) तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>
आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (घ): जन स्वास्थ्य राज्य का विषय होने के कारण, नए आयुष शैक्षिक संस्थानों की स्थापना की प्राथमिक जिम्मेदारी ओडिशा सहित संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के कार्यक्षेत्र में आती है। तथापि, राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केन्द्रीय प्रायोजित योजना के अंतर्गत, नए आयुष कॉलेजों की स्थापना के लिए राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों को वित्तीय सहायता का प्रावधान है जहां सरकारी क्षेत्र में आयुष शैक्षिण संस्थाओं की उपलब्धता अपर्याप्त है। तदनुसार, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र एनएएम दिशा-निर्देशों के प्रावधानों के तहत, राज्य वार्षिक कार्य योजनाओं (एसएएपी) के माध्यम से उपयुक्त प्रस्ताव प्रस्तुत करके वित्तीय सहायता प्राप्त कर सकते हैं। ओडिशा सरकार से प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर, वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान एनएएम के तहत एक (01) आयुष शैक्षणिक संस्थान अर्थात् राजकीय आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज, मयूरभंज की स्थापना के लिए मंजूरी दी गई है। एनएएम के तहत सहायता प्राप्त आयुष शैक्षणिक संस्थानों की सूची **संलग्नक** पर दी गई है।

*****

संलग्नक

2014-15 से 2026-27 तक एनएएम के तहत सहायता प्राप्त नए आयुष शैक्षणिक संस्थानों की सूची

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के नाम	संस्थानों का नाम
1	आंध्र प्रदेश	राजकीय प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग मेडिकल कॉलेज, विशाखापत्तनम
2	असम	राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, दुधनोई
3	चंडीगढ़	राजकीय आयुर्वेद कॉलेज, मनी माजरा, चंडीगढ़
4	गुजरात	सुरेंद्रनगर में सरकारी आयुर्वेद महाविद्यालय की स्थापना
5	जम्मू-कश्मीर	राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज, राख होशियारी, कठुआ जिला
6	कर्नाटक	राजकीय प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग कॉलेज, मैसूर
		दलाई लामा उच्च शिक्षा संस्थान मेन-त्से-खांग (सोवा रिग्पा) कॉलेज, शेषगिरिहल्ली, बिदादी होबाली, रामानगर जिला।
7	मध्य प्रदेश	राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, शहडोल
		राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, नर्मदापुरम
		राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, बालाघाट
		राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, मुरैना
		राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, सागर
		राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, झाबुआ
8	मणिपुर	होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज केइराओ, मणिपुर
9	राजस्थान	राजकीय आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा महाविद्यालय, चाकसू, जयपुर
10	सिक्किम	सोवा रिग्पा गंगटोक देओराली नामग्याल इंस्टीट्यूट ऑफ़ तिब्बतोलॉजी
11	हरियाणा	यूनानी कॉलेज एवं अस्पताल, अकेरा, जिला. नूह
		होम्योपैथिक कॉलेज एवं अस्पताल, ग्राम चंदपुरा, अम्बाला कैंट, जिला अम्बाला
12	पश्चिम बंगाल	योग और प्राकृतिक चिकित्सा डिग्री कॉलेज बेलूर स्टेट जनरल हॉस्पिटल, हावड़ा डिग्री कॉलेज
13	उत्तर प्रदेश	राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, वाराणसी
		राजकीय आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, अयोध्या
14	तमिलनाडु	राजकीय सिद्ध कॉलेज एवं अस्पताल, पिलानी
15	त्रिपुरा	होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज, पश्चिम त्रिपुरा
16	उत्तराखंड	होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज, अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र, डोईवाला, जिला देहरादून
17	**ओडिशा**	**राजकीय आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज, मयूरभंज**